सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
6029	31.12.2020	31.12.2020	Jhalawar Rajasthan	Amar Ujala Hindi Newspaper 31th December, 2020/Page No. 11
Title:	**Many crows died due to bird flu in district Jhalawar, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Jhalawar, SSU- Rajasthan			

देश भर में कोरोना वायरस का कहर जारी है। कोरोना संकट के बीच राजस्थान के झालावाड़ में एक नए खतरे ने दस्तक दी है। झालावाड़ की राड़ी के बालाजी क्षेत्र में 50 ये अधिक कौवों की अचानक से मौत हो गई है। इतनी बड़ी संख्या में कौवों के मरने की खबर की प्रशासन ने भी पुष्टि की है।

झालावाड़ में इतने सारे कौवों की मौत के कारण जिला प्रशासन और लोगों के बीच भय का वातावरण बन गया है। प्रशासन ने राड़ी के बालाजी क्षेत्र में एक किलोमीटर के क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इसके साथ ही रैपिड रिस्पांस टीम का गठन भी कर दिया गया है।

प्रशासन ने जांच के लिए जुटाए नमूने

जिला प्रशासन बड़ी संख्या में कौवा की मौत के कारण को जानने में जुटा है। हालांकि, पहली नजर में प्रशासन ने इसे बर्ड फ्लू फैलना ही बताया है। रैपिड रिस्पांस टीम ने नमूने की जांच शुरू

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

कर दी है। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित क्षेत्र के पोल्ट्री फार्म और पोल्ट्री शॉप से भी सैंपल लिए जा चुके हैं।

जिला कलेक्टर एन. गोहाएन ने प्रभावित इलाके में जीरो मोबिलिटी लागू कर सभी पोल्ट्री फार्म में जांच के निर्देश दिए हैं। मंदिर परिसर में 25 दिसंबर को अचानक कौओं की असामान्य मौतें हुईं। वन विभाग और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने बीमार कौओं का उपचार किया और नमूने राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान, भोपाल भेजे।

जांच में कौओं में एवियन इंफ्लुएंजा की पुष्टि हुई है। इसके बाद झालावाड़ जिला कलक्टर गोहाएन ने त्वरित कार्यवाही दल गठित किया, जिसमें एसडीएम, झालावाड, उप वन संरक्षक झालावाड, पुलिस उप अधीक्षक, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक, सीएमएचओ और झालावाड नगर परिषद के आयुक्त को शामिल किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि त्वरित कार्यवाही दल जीरो मोबिलिटी क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर प्रचार-प्रसार करेगा।

कैसे फैलता है बर्ड फ्लू

सामान्यत: बर्ड फ्लू इंफ्लुएन्जा ए वायरस से फैलता है। यह फ्लू संक्रमित पक्षियों से फैलता है। एवियन इंफ्लुएन्जा बीमार पक्षियों के संपर्क में आने वाले इंसानों नें भी आसानी से फैल जाता है। फिर यह संपर्क में आने वालों को भी चपेट में ले लेता है।